पंजाब केसरी
06/12/2024

आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस पर ऑनलाइन सैमीनार में प्रतिभागी बनीं जी.एम.एन. कॉलेज की छात्राएं

अम्बाला, 5 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के एम.सी.ए. विभाग की छात्राओं ने गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज संतपुरा (यमुनानगर) द्वारा 'शिक्षा और समाज में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की भूमिका' विषय पर आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय सैमीनार में भाग लिया।

'शिक्षा और समाज में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की भूमिका' विषय पर आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय सैमीनार में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

एम.सी.ए. प्रथम वर्ष की रितिका सैनी, गुरप्रीत कौर और स्मृति मान ने डा. गीता कौशिक की देखरेख में एक्सप्लेनेबल आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस पर एक समीक्षा पत्र प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के क्षेत्र में आने वाली कार्यप्रणाली और चुनौतियों के बारे में बात की।

छात्रों को आयोजकों द्वारा सराहना मिली और उन्हें भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों को उनके भविष्य के लिए शोध के लिए प्रोत्साहित करती हैं। प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त ने छात्राओं के काम की सराहना करते हुए उन्हें इस प्रकार के सैमीनारों और सम्मेलनों में अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय की डीन डा. प्रबलीक कौर और विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने भी छात्रों को उनके काम के लिए प्रोत्साहित किया।